देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 290 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...कभी सुपरहिट, कभी फ्लॉप



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 26 फरवरी 2022



मौसम | अधिकतम $15.0^{0}$ | न्यूनतम $6.0^{0}$ | 39243.39

2 यूएन की भूमिका पर उठे सवाल

7 जब चाहूं गेंद को हिट कर सकता हूं

# सरेंडर करें तभी बातचीत संभव

## रूस से शांति की अपील के बीच यूक्रेन का दावा, उसने अब तक 1000 से अधिक रूसी सैनिकों को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। रूस ने लगातार दूसरे दिन भी यूक्रेन पर अक्रामक हमले जारी रखे हैं। अपने बचाव में यूक्रेन भी रूस पर हमले कर रहा है। रूसी सेना उत्तर पूर्व और पूर्व की ओर यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर बढ़ रही है। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएफपी ने दी है। वहीं, यूक्रेन शांति चाहता है और रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार है, जिसमें नाटो के संबंध में तटस्थ स्थिति भी शामिल हैं।

रूस के सरकारी मीडिया का दावा, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत का निमंत्रण दिया है। उधर बाइडेन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हमलावर हैं। पुतिन ने इस युद्ध को चुना और अब पुतिन और उनका देश परिणाम भुगतेंगे। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन की सेना द्वारा हथियार डालने के बाद ही हम बातचीत के लिए तैयार हैं।

रूसी समर्थित अलगाववादी नेताओं को उम्मीद है कि उनके सैनिक बहुत जल्द यूक्रेन के डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्रों की सीमाओं की ओर बढ़ेंगे।

अलगाववादियों जिनकी स्वतंत्रता को मास्को ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने से पहले इस सप्ताह मान्यता दी थी। वर्तमान में उन प्रांतों के केवल कुछ हिस्सों को नियंत्रित करते हैं।

रूस से शांति की अपील के बीच यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने अब तक 1,000 से अधिक रूसी सैनिकों को मार गिराया है। इसके पहले मंत्रालय ने कहा था कि अब तक यूक्रेनी सेना के 18 टैंक, 7 राकेट सिस्टम और 41 मोटर वाहन तबाह कर दिए गए हैं। साथ ही 150 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों ने सरेंडर कर दिया है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि मास्को कीव के साथ बातचीत करने के लिए तैयार होगा, लेकिन उसके पहले यूक्रेनी सेना को अपने हथियार डालने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मास्को नहीं चाहता कि यूक्रेन पर श्नव-नाजियोंश का शासन हो। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा युद्ध की घोषणा के बाद रूस ने गुरुवार को भूमि, वायु और समुद्र से अपना आक्रमण शुरू किया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से एक यूरोपीय राज्य पर सबसे बड़ा हमला है।

क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन पर उसके आक्रमण के लिए रूस पर लगाए गए प्रतिबंध मास्को के लिए समस्याएं पैदा करेंगे, लेकिन उन समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग ने पुतिन से की बात

यूक्रेन द्वारा शांति वार्ता की अपील किए जाने पर रूस अपनी शर्तों के साथ तैयार हो गया है। इस बीच, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा है कि चीन यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए रूस का समर्थन करता है।



### शक्तिशाली देशों ने हमें लड़ने के लिए अकेला छोड़ा

कीव। यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच देश के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक भावुक करने वाला संबोधन दिया है। रूस ने यूक्रेन पर थल, जल, नभ तीनों तरफ से हमला किया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश को रूस से लड़ने के लिए अकेला छोड़ दिया गया है। जेलेंस्की बोले, हमारी तरफ से लड़ने के लिए कौन हैं? मुझे कोई नहीं नजर आ रहा है। जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगले 96 घंटे, यानी 4 दिन में कीव पर रूस का कब्जा हो जाएगा।

### भारतीयों को निकालने के लिए कोशिशें जारी

यूक्रेन में भारतीय दूतावास अभी भी काम कर रहा है। यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने की कोशिशें की जा रही हैं। दूतावास ने यूक्रेन में सभी भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार हंगरी और रोमानिया के रास्ते निकासी मार्ग स्थापित करने के लिए काम कर रही है।

**रूसी हवाई क्षेत्र में ब्रिटेन की उड़ानों पर प्रतिबंध**

रूस ने ब्रिटेन पर पलटवार करते हुए ब्रिटिश एयरलाइंस को अपने हवाई अड्डों पर उतरने और अपने एयर स्पेस में उड़ने पर पाबंदी लगा दी है। एयरोफ्लोट पर ब्रिटेन के प्रतिबंध के जवाब में रूस के नागर विमानन प्राधिकरण ने रूसी हवाई क्षेत्र में ब्रिटेन की उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांचवें चरण के लिए थम गया चुनाव प्रचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के पांचवें चरण के मतदान के लिए शुक्रवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। अंतिम दिन भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के दिग्गज नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। 27 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इसमें 2.25 करोड़ मतदाता 692 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

### आज होगी सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कमेटी की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूक्रेन और रूस के बीच जारी सैन्य संघर्ष में भारत ने शांती की अपील की है। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एक बार फिर सीसीएस की बैठक होने की संभावना है। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन वार्ता में हिंसा को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया था।

# सैनिकों की भावनाओं का करें आदरः पीएम

## वेबिनार डिफेंस-कॉल टू एक्शन में दिया उद्घाटन भाषण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बजट के बाद के वेबिनार डिफेंस-कॉल टू एक्शन में उदघाटन भाषण दिया। मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से भारत अपने रक्षा क्षेत्र में जिस आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है। उसका कमिटमेंट आपको इस वर्ष के बजट में भी दिखेगा। उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के तुरंत बाद भी हमारी डिफेंस मैन्यूफेक्चरिंग की ताकत बहुत थी। दूसरे विश्व युद्ध में भारत में बने हथियारों ने बड़ी भूमिका निभाई। हांलाकि बाद के वर्षों में हमारी ताकत कमजोर होती गई।

पीएम ने कहा कि इस साल के बजट में देश के भीतर ही रिसर्च, डिजाइन और डवलपमेंट से लेकर मैन्युफेक्चरिंग तक का एक वाइब्रेंट इकोसिस्टम विकसित करने का ब्लूप्रिंट है। रक्षा बजट में लगभग 70 प्रतिशत सिर्फ domestic industry के लिए रखा गया है। जब हम बाहर से अस्त्र-शस्त्र लाते हैं, तो उसकी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि जब वो हमारे सुरक्षाबलों तक पहुंचते हैं, तब तक उसमें से कई पुराने हो चुके होते हैं। इसका समाधान भी आत्मनिर्भर भारत अभियान और मेक इन इंडिया में ही है।

आज हमारी फौज के पास भारत में बने साजो-सामान होते हैं तो उनका आत्मविश्वास, उनका गर्व भी नई ऊंचाई पर पहुंचता है। इसमें हमें सीमा पर डटे जवानों की भावनाओं को भी समझना चाहिए।

भारत में बनी चीजों को लेकर सैनिकों में अलग स्वाभिमान होता है। इसलिए हमें हमारे रक्षा उपकरणों के लिए अपने सैनिकों की भावना का आदर करना चाहिए। ये हम तभी कर सकते हैं जब हम आत्मनिर्भर होंगे।

### सायबर सिक्योरिटी राष्ट्र की सुरक्षा का विषय

मोदी ने कहा कि भारत की जो आईटी की ताकत है, वो हमारा बहुत बड़ा सामर्थ्य है। इस ताकत को हम अपने रक्षा क्षेत्र में जितना ज्यादा इस्तेमाल करेंगे, उतनी ही सुरक्षा में हम आश्वस्त होंगे। जैसे सायबर सिक्योरिटी अब सिर्फ डिजिटल वर्ल्ड तक सीमित नहीं रह गई है। ये राष्ट्र की सुरक्षा का विषय बन चुका है। पहले के समय में बाहर की कंपनियों से जो सामान खरीदा जाता था उसमें अक्सर भांति-भांति के आरोप लगते थे। हर खरीदे से विवाद पैदा होता था।

# देश में कोविड संक्रमण की धीमी पड़ी रफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश मे कोरोना की रफ्तार में करीब-करीब लगाम लग चुकी है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोरोना संक्रमण को लेकर लगाए गए प्रतिबंधों में और ढील देने के लिए कहा है। मंत्रालय के ओर से लिखे एक पत्र में कहा गया है कि कोरोना संक्रमण की स्थिति का आंकलन करने के बाद राज्य आर्थिक गतिविधियों में और अधिक ढील दे सकते हैं। इन गतिविधियों में खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक और धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ रात्री कर्फ्यू की अवधि को कम करने से सुझाव दिए गए हैं।

कोरोना प्रतिबंधों में ढील देने की बात कहते हुए केंद्रीय गृह सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य सचिवों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि सामाजिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक और धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ रात के कर्फ्यू के घंटों में पर्याप्त ढील दी जा सकती है। साथ ही गृह सचिव ने कहा है कि सुधार की स्थिति को देखते हुए, आर्थिक गतिविधियों को खोलने का फैसला स्थिति का आंकलन करते हुए होना चाहिए।

पत्र में केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने तमाम तरह की आर्थिक गतिविधियों का जिक्र किया है। इनमें सामाजिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, त्योहार संबंधी सभाएंय रात का कर्फ्यूय सार्वजनिक परिवहन संचालनय शापिंग काम्प्लेक्स, सिनेमा हाल, जिम, स्पा, रेस्तरां और बारय स्कूल-कालेज, कार्यालय और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का उल्लेख है। लेकिन इस बीच उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी गतिविधियों की अनुमति देते हुए, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी का पालन करना, स्वच्छता और बंद स्थानों में वेंटिलेशन जैसा कि राष्ट्रव्यापी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

### ढील

■राज्य प्रतिबंधों में दे सकते हैं और अधिक ढील


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# बनेगी कांग्रेस की सरकारः हरीश रावत

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत का कहना है कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में भाजपा का ध्रुवीकरण का दांव फेल हो गया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वोट किया है। जनता भाजपा के झूठ और जुमलों से ऊब चुकी है इसलिए उसने बदलाव के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है।

हरीश रावत का कहना है कि भाजपा का धार्मिक मुद्दों पर जनता को बांटने और ध्रुवीकरण का प्रयास इस बार फेल साबित हुआ है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के एक इंटरव्यू का हवाला देकर कहा कि भाजपा ने इस चुनाव के शुरुआती दौर में ध्रुवीकरण के मुद्दे पर धार देने का प्रयास किया था, लेकिन उसका यह दांव इस बार नहीं चल सका है। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण आम आदमी का जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब जनता के मुद्दे पर बात करने को तैयार नहीं है।

### जनता को बांटने और ध्रुवीकरण का प्रयास फेल